Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector – 21, Noida
Phone : 0120-2534064, 2538533 / e-mail : bbpsnd@yahoo.co.in
Website : http : www/bbpsnoida.com

# Workshop/Seminar Feedback Form

**Workshop title: हिंदी भाषा शिक्षण** **Workshop Date:** 10.10.23

**Venue:** सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा

**Attended by:** उमेश कुमारी, कोमल मैंदीरत्ता

**Resource Person:** डॉ0 प्रदीप कुमार जैन

**Organizer: मधुबन एजुकेशनल बुक्स**

**Profile of the Resource Person:** प्रसिद्ध भाषाविद, लगभग 65 पुस्तकों के रचयिता, NCERT, SCERT तथा DIET से संबंद्ध तथा भारत में हिंदी पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति के सम्मानित सदस्य तथा भूतपूर्व शिक्षक (मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड, दिल्ली)

**1. Content of the Workshop**

**(प्रथम सत्र)**

NEP 2020 के अन्तर्गत 21 वीं सदी के कौशलों पर प्रकाश डाला गया जिसमें मुख्य चार कौशलों के साथ-साथ नवीन कौशलों - चिंतन, खोज, प्रस्तुतीकरण तथा अवलोकन पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला गया। NCF 2022/23 में विभिन्न स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक तथा सेकेंडरी स्तर पर हिंदी-भाषा- शिक्षण के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा-परिचर्चा की गई। आलोचनात्मक-चिंतन के अंतर्गत कथन और तर्क संबंधी प्रश्नों का समावेश उचित अनुपात में होना चाहिए। सृजनात्मक चिंतन के पल्लवन हेतु लिखित कार्य पर कम-से-कम ज़ोर देते हुए ICT के आधार पर अनुभवजन्य गतिविधियों को बहु-विषयक तथा समेकित बनाते हुए कार्य पर बल देना चाहिए। गतिविधियाँ कला-समेकित होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त पंचकोष विकास तथा पंचादी जैसी नवीन धारणाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

**(द्वितीय सत्र )**

कार्यशाला के प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं के समाधान स्पष्टीकरण के साथ प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में वर्तनी, अपठित गद्यांश, उच्चारण, मात्राएँ, अनुस्वार तथा अनुनासिक तथा पत्र-लेखन आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-मंथन हुआ।

1. **Learning outcomes (Knowledge and Information) from the workshop?**

NEP 2020 तथा NCF 2022 से संबंधित ज्ञान में वृद्धि, नवीन कौशलों - चिंतन, खोज, प्रस्तुतीकरण तथा अवलोकन संबंधी दृष्टिकोण का पल्लवन, विभिन्न स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक तथा सेकेंडरी स्तर पर हिंदी-भाषा- शिक्षण के प्रमुख बिंदुओं से अवगत होना, हिंदी भाषा के उच्चारण तथा लेखन सबंधी नियमों के ज्ञान में अभिवृद्धि आदि।

2. **Which topics or aspects of the workshop did you find most interesting or useful and can be applied to the classroom teaching?**

छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं में वर्तनी की अशुद्धियों के अंक किस आधार पर काटे जाएँ, इसकी विस्तृत जानकारी से कक्षागत शिक्षण में अवश्य मदद मिलेगी। छात्रों के क्षेत्रीय प्रभाव के कारण भाषा संबंधी व्याघात को भी मद्देनज़र रखा जाना चाहिए तथा बहुभाषिकता को स्वीकार किया जाना चाहिए जो वर्तमान तथा भविष्य की माँग है।

3. **How will you implement the knowledge & techniques acquired to your subject?**

कार्यशाला में NEP 2020 तथा NCF 2022 से संबंधित विस्तृत जानकारी से कक्षा-शिक्षण और भी रोचक तथा प्रभावशाली होगा। प्रश्नपत्र निर्माण के प्रारूप, विषयवस्तु, भाषा-शैली संबंधी मुख्य मुद्दों पर विचार-मंथन के कारण प्रश्नपत्र निर्माण में सहायता मिलेगी। छात्रों की योग्यता तथा विषयवस्तु संबंधी उनकी पकड़ को उदारता से स्वीकार करने से छात्रों की हिंदी में रुचि बढ़ेगी। बहुभाषिकता को महत्त्व देने से अहिंदी भाषी-क्षेत्र के छात्रों का मनोबल बढ़ेगा तथा देश की एकता को भी बल मिलेगा।

4. **Comments and suggestions (How do you think the workshop could have been made more effective?)**

कार्यशाला अत्यंत रोचक तथा ज्ञानवर्धक थी।

5. **Was the advance briefing about the workshop appropriate?**

हाँ, कार्य़शाला के प्रारंभ में दिया गया अग्रिम सार-रूप उचित था ।

| GENERAL FEEDBACK | YES | NO | NOT SURE |
|---|---|---|---|
| ✓ The workshop/Seminar was applicable to my job | ✓ | ❍ | ❍ |
| ✓ I will recommend this workshop/Seminar for other faculty members. | ✓ | ❍ | ❍ |
| ✓ The program was well paced within the allotted time | ✓ | ❍ | ❍ |
| ✓ The material was presented in an organized manner | ✓ | ❍ | ❍ |
| ✓ The resource person was a good communicator | ✓ | ❍ | ❍ |
| ✓ The resource person was knowledgeable on the topic | ✓ | ❍ | ❍ |
| ✓ I would be interested in attending a follow-up, more advanced workshop / Seminar on this same subject | ✓ | ❍ | ❍ |
| ✓ I will be able to conduct follow up workshop for the benefit of fellow Staff Members | ✓ | ❍ | |

**GLIMPSES FROM THE WORKSHOP (Photographs with captions)**



लाभकारी गुरुज्ञान

पुस्तक-विमोचन : हर्ष के पल




शिक्षा के नवीन आयाम

**Report submitted by**

Signature

Name उमेश कुमारी तथा कोमल मैंदीरत्ता

Designation टी0जी0टी0-हिंदी

Submission Date 12.10.23